झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

विज्ञापन सं0–43/2016, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेनिक संस्थानों में व्याख्याता के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति के संबंध में आवश्यक सूचना।

राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेनिक संस्थानों में व्याख्याता के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति (विज्ञापन सं0–43/2016) हेतु कुल 09 संकायों में योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयोग द्वारा 23.07.2020 की बैठक में अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में लेकर लिये गये निर्णय के फलस्वरूप वैसे आवेदक जिन्होंने दिनांक 19.01.2017 तक online आवेदन कर दिया था, परन्तु उनके online आवेदनों की मुद्रित प्रतियाँ सभी अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 27.01.2017 के बाद एवं आयोग की प्रेस विज्ञप्ति ज्ञापांक–539 दिनांक–28.02.2017 द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 29.03.2017 तक प्राप्त हुई हैं, ऐसे आवेदनों को कालबाधित (Time Barred) नहीं मानते हुए उन्हें चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाता है।

2. उक्त परिपेक्ष्य में विज्ञापन सं0–43/2016 के संदर्भ में खनन एवं धातुकर्म अभियंत्रण संकाय के ऐसे अभ्यर्थियों जिन्हें पूर्व में Time Barred घोषित किया गया था, परन्तु उनके online आवेदन की मुद्रित प्रतियाँ सभी अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ दिनांक 29.03.2017 तक प्राप्त हुई हैं, के आवेदनों को वैध मानते हुए, उनके 80% अंक के विरूद्ध प्राप्तांक आयोग के website-www.jpsc.gov.in पर प्रदर्शित किया गया है। संबंधित अभ्यर्थी जन्मतिथि एवं निबंधन संख्या दर्ज कर अपना प्राप्तांक देख सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को ऐसा लगे कि उसके प्रकाशित अंक में कोई त्रुटि है तो वह अंक सुधार निमित्त अपना दावा संगत प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों के साथ आयोग के email-lecturer432016@jpsc.gov.in पर दिनांक–02.09.2020 तक भेज सकते हैं। इस तिथि के पश्चात् प्राप्त दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह0/–
सचिव
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।